सर्वोच्च प्राथमिकता
ई–मेल द्वारा

पत्र संख्या–स्थापना राजपत्रित–ई0आई0एम0एस0 / 2020–21 / 446 वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश
(स्थापना राजपत्रित अनुभाग)
दिनांकः:लखनऊ::जून 22 ,2020

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर
अपर निदेशक वाणिज्य कर प्रशिक्षण संस्थान
वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश ।

वाणिज्य कर विभाग में ई0आई0एम0एस0 की व्यवस्था विद्यमान है जिसका मूल उददेश्य अधिकारियों के सेवा सम्बन्धी महत्वपूर्ण विवरण जैसे– वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि,तैनाती एवं क्षेत्राधिकार विवरण, अनुशासनिक कार्यवाही विवरण के साथ–साथ अपेक्षित निजी विवरण का डिजिटल मोड में एक ही स्थान पर समेकित रुप से उपलब्ध कराना है जिससे आवश्यक्तानुसार उसका कार्यहित में त्वरित प्रयोग किया जा सके एवं सम्बन्धित अधिकारी तक भी उसके सेवा से सम्बन्धित विवरणों की पहुँच सुलभ हो सके।

अतः उपरोक्त व्यवस्था के दृष्टिगत समस्त विभागीय संख्या संवर्ग व मनोरंजन कर के आमेलित अधिकारियों को यह निर्देशित किया जाता है कि वे अपने ई0आई0एम0एस0 पेज का सम्यक अवलोकन कर लें और अपनी समस्त अपेक्षित सूचना दिनांक **30 जून 2020** तक संशोधित कर दे तथा सम्बन्धित आहरण वितरण अधिकारी से सत्यापित कराकर सत्यापित प्रति ज्वाइंट कमिश्नर (स्थापना राजपत्रित),वाणिज्य कर मुख्यालय के कार्यालय को समयान्तर्गत प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

अपने अधीनस्थ अधिकारियों को उपरोक्तानुसार कार्यवाहियाँ प्रत्येक दशा में पूर्ण करने हेतु अपने स्तर से निर्देशित करना सुनिश्चित करे।

(अमृता सोनी)
कमिश्नर, वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश

प्रतिलिपि समस्त ज्वाइंट कमिश्नर/अनुभाग प्रभारी वाणिज्य कर मुख्शलय को उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने एवं अधीनस्थ से भी करवाने के आश्य से प्रेषित।

19.06.2020
(डी के सचान)
ज्वाइंट कमिश्नर(स्थापना राजपत्रित),
वाणिज्य कर मुख्यालय लखनऊ।